an>

Title: Need to accord betel plantation the status of 'Agriculture'.

श्री कौशलेन्द्र कुमार **(नालंदा) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं नालंदा संसदीय क्षेत्र से आता हूं जहां मगही पान की खेती लगभग 20-25 गांवों में होती है। मैं लगातार दस वर्षों से देख रहा हूं कि वहां के किसानों की हालत माली होती जा रही है। बारिश, आंधी, कीड़े-मकौड़ों से फसल बराबर नष्ट हो रही है। पान उपजाने वाले किसानों को आज तक माली का दर्जा दिया गया है। माननीय उपाध्यक्ष महोदय के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि पूरे देश में पान उपजाने वालों को किसान का दर्जा दिया जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र में जो पान उपजाने वाले किसान हैं उनकी परेशानी दूर करने के लिए सरकार द्वारा जांच कराकर अनुदान देने की कृपा की जाए।